





नवभारत
भोपाल, बुधवार, 08 अप्रैल, 2026


## एक नजर में




### जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए कार्यक्रम

**भैरूंदा.** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अनेक जल संरक्षण संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. भैरूंदा नगर परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 03 में कुएं की साफ सफाई का कार्य किया गया. कचरा गाड़ी के माध्यम से वार्ड क्रमांक 13,14 और 04 में जिंगल बजाकर जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया. खड़ीहाट में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पेयजल संरक्षण तथा पंप ऑपरेटर्स को नल जल योजना संचालन का प्रशिक्षण दिया गया. ग्राम संग्रामपुर के शासकीय हाईस्कूल में बच्चों को जल एवं प्रकृति संरक्षण की शपथ दिलाई गई. भैरूंदा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जल संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई. बच्चों ने पोस्टर बनाकर जल एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक किया.



### गेहूं तुलाई में देरी पर कांग्रेस ने जताया विरोध

**बुधनी.** ब्लॉक कांग्रेस ने गेहूं तुलाई में हो रही देरी के खिलाफ भाजपा सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया. कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार ललित सोनी को सौंपा. ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा कि किसानों की गेहूं फसल खलिहानों में पड़ी है, लेकिन शासन द्वारा तुलाई की तारीखें बार-बार बदली जा रही हैं, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. कांग्रेस ने गेहूं तुलाई की तिथि तत्काल निर्धारित करने एवं रसोई गैस के दामों में वृद्धि को वापस लेने तथा डीजल-पेट्रोल की वितरण व्यवस्था में सुधार की मांग की है. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू राजपूत ने कहा कि यदि जल्द ही तुलाई की व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो कांग्रेस आंदोलन के लिए मजबूर होगी. प्रदर्शन के दौरान छगनलाल दुबे, तारिक पटेल, माखनलाल मीणा, अजय यादव, राजेंद्र यादव, आमिर पटेल, हरीश मालवीय, सौरभ दुबे, हेमंत वर्मा, कपिल मल्होत्रा, दिनेश राजपूत, बहोरन दायमा, पुरुषोत्तम मीणा, मोहित उइके, प्रकाश चंद दायमा, राजीव दुबे, राजकुमार ढाकरे, रामविलास, काशीराम ओझा, राजेश यादव, दिलीप कीर, दीपक वर्मा, जावेद खान, विशाल यादव आदि उपस्थित रहे.



### दरबार रेस्टोरेंट से 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**आष्टा.** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने और घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अनियमितताओं को रोकने के लिए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुश्री मृगी अग्रवाल द्वारा विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट एवं गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया. मंडी रोड़ स्थित दरबार रेस्टोरेंट पर घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग पाए जाने पर 02 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए.



### म प्र शिक्षक संघ ने विधायक राय को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर.** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए टी ई टी निर्णय पर पुनर्विचार याचिका लगाने एवं विधायी हस्तक्षेप हेतु विधायक सुदेश राय को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी द्वारा ज्ञापन सौंपते हुए अनुरोध किया गया कि वह इस पत्र को शिक्षा मंत्री को हस्तांतरित करें जिससे कि सरकार पर यह दबाव बना सके कि वह उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध पुनर्विचार याचिका दायर की जा सके. इस मौकेपर विनय सिंह चौहान, अनिल सिंह मुक्तावत, जितेन्द्र सिंह राठौड़, सुरेंद्र सिंह यादव, बीपी चंद्रवंशी, लोकेश उपाध्याय, लखनलाल महेश्वरी, राकेश केलोदिया, एकलव्य चाहर मौजूद थे.



### जेल में बंदियों को दिया जा रहा कौशल प्रशिक्षण

**सीहोर.** जिला जेल में बैंक ऑफ इंडिया स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा बंदियों के लिए 12 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण में 40 बंदियों को विभिन्न कलाओं जैसे प्लम्बरिंग कार्य, मोटर रिपेयरिंग, इलेक्ट्रीशियन कार्य, ड्रेस डिजाइनिंग, मोटर बाईडिंग, मोमबत्ती निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, साबुन निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. प्रशिक्षण के बाद बंदियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जाएंगे. यह प्रशिक्षण बंदियों को जेल से छूटने के बाद स्वरोजगार पाने में सहायक होगा। जेल अधीक्षक सुश्री प्रतिभा पटेल ने बताया कि बंदियों को कौशल प्रशिक्षण दिलाकर समुदाय में उनके पुनर्वास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं.

# लंबे इंतजार के बाद भी नसीब में गंदा पानी

## दो दिन के बाद भी नलों से टपक रहा बदबूदार और मटमैला पानी, लोग टैंकर और आरओ पर निर्भर

- सेवन करना तो दूर सूंघने मात्र से आ रही उबकाई
- हालात नहीं सुधरे तो लोगों को हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

नवभारत न्यूज

**सीहोर 7 अप्रैल. शहरवासियों के लिए यह स्थिति किसी विडम्बना से कम नहीं है कि दो-दो दिन के लंबे इंतजार के बाद मिलने वाला नल का पानी भी साफ नहीं, बल्कि मटमैला, दूषित और बदबूदार निकल रहा है. नगरपालिका की नल-जल योजना पर निर्भर लोगों को अब पानी की गुणवत्ता को लेकर गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोग इस पानी का उपयोग पेयजल के रूप में तो दूर, दैनिक कार्यों के लिए भी नहीं कर पा रहे हैं.**

गर्मी का मौसम शुरू होते ही शहर में जलसंकट ने तेजी से पैर पसारना शुरू कर दिया है. नगरपालिका द्वारा पहले ही दो दिन के अंतराल से जलप्रदाय किया जा रहा है, वहीं कई इलाकों में यह अंतराल और भी लंबा हो जाता है. ऐसे में नागरिकों को उम्मीद रहती है कि कम से कम जो पानी मिल रहा है वह उपयोग योग्य होगा,





सीहोर. नगरपालिका की लापरवाही के चलते मंगलवार को शहर के चाणक्यपुरी और इंद्रानगर में मटमैले जल का प्रदाय किया गया.

लेकिन उनकी यह उम्मीद भी टूटती नजर आ रही है. नपा की इस लापरवाही के चलते अब शहर में पानी का निजी कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है. जमोनिया और भगवानपुरा तालाब के साथ ही पार्वती नदी पर बने काहिरी बंधान पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट मौजूद होने के बावजूद शहरवासियों को स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है.

स्थिति यह है कि प्यास बुझाने के लिए लोगों को निजी टैंकरों, बोरवेल और आरओ प्लांट्स पर निर्भर होना पड़ रहा है. निजी टैंकर संचालकों ने भी इस मौके का फायदा उठाते हुए पानी के दाम बढ़ा दिए हैं. एक टैंकर पानी के लिए जहां करीब 400 रुपए तक वसूले जा रहे हैं, वहीं 15 लीटर की कैन 5 रुपए में भरी जा रही है. शहर में तेजी से बढ़े आरओ प्लांट्स भी 20 रुपए प्रति कैन के हिसाब से पानी बेच रहे हैं.

मजबूरी में नागरिकों को महंगे दामों पर पानी खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनके घर का बजट बिगड़ रहा है. खासकर मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए यह स्थिति और भी चिंताजनक बन गई है. एक ओर पानी की किल्लत और दूसरी ओर दूषित सप्लाई ने लोगों की परेशानी दोगुनी कर दी है. शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जलप्रदाय व्यवस्था में सुधार किया जाए और स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए. यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में यह संकट और गहरा सकता है.

**बदबूदार पानी को नाली में बहाने को मजबूर लोग**

कई दिनों से चाणक्यपुरी, अवधपुरी, इंद्रा कॉलोनी, इंग्लिशपुरा, छावनी, गंज सहित शहर के कई क्षेत्रों में नलों से गंदा पानी आ रहा है. यह पानी पीले रंग का, कीचड़युक्त और बदबूदार है. कई लोगों ने बताया कि पानी इतना खराब होता है कि उसे सूंघते ही उल्टी जैसा महसूस होने लगता है. मजबूरी में लोग इस पानी को सीधे नालियों में बहा देते हैं, क्योंकि इसका उपयोग करना स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकता है.

**इस समस्या को शीघ्र दूर करेंगे**

वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर आवश्यक मरम्मत एवं सफाई कार्य जारी है. इस कारण हो सकता है कि पानी मटमैला आ रहा हो, लेकिन एक- दो दिन बाद स्थिति सामान्य हो जाएगी और लोगों को पहले की तरह स्वच्छ पेयजल उपलब्ध रहेगा. गर्मी में लोगों को आसानी से पानी मिले इसलिए मरम्मत कार्य करना बहुत जरूरी था.

**प्रिंस राठौर,**
नगरपालिका अध्यक्ष

### बेटियों ने जमाया रग्बी चैंपियनशिप पर कब्जा



**बुधनी 7 अप्रैल.** भोपाल में 4 से 6 अप्रैल के बीच आयोजित 7वीं रग्बी स्टेट चैंपियनशिप में जिले की जूनियर गर्ल्स टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य चैंपियनशिप अपने नाम कर ली. टीम ने सेमीफाइनल में नर्मदापुरम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया. फाइनल मुकाबले में रायसेन के खिलाफ हुए रोमांचक संघर्ष में जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया. कप्तान जयंती प्रजापति के नेतृत्व में टीम ने बेहतरीन तालमेल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। विजेता टीम में खुशबू यादव, सृष्टि पाल, प्रियंका, मिनाक्षी, मुस्कान, सान्या, आयशा, चंचल, नंदिका, दिव्यांशी एवं अंशिका शामिल रहीं. बालक वर्ग की टीम ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, हालांकि वह सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच सकी. टीम की इस सफलता के पीछे कोच विशाल यादव, तरुण घावरी, शिव और उदय का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

### कॉलेज में हुए जल गंगा संवर्धन पर कार्यक्रम

**इछावर.** जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं स्वच्छ जल उपलब्धता बढ़ाने जल गंगा संवर्धन अभियान पर शासकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम प्राचार्या डा.सुनीता यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. मुख्य वक्ता प्रोफेसर मुकेश शर्मा एवं विनीत शर्मा मौजूद थे, उन्होंने भविष्य के लिए जल संरक्षण के स्त्रोतों सुरक्षित एवं ग्रहण संरक्षण उपाय, भूमिगत जल भराव, बांध, तालाब गहरीकरण जल स्वच्छता, उचित उपयोग पर जागरुक प्रयास की करने पहल पर जोर दिया. डा.कलावती, डा.अरविंद बैस, सुश्री नीता माहौर, राजेश अहिरवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम में प्रोफेसर सीताराम एवं बीएल मीणा तथा स्टाफ और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही.

# एक जमीन का कई लोगों से एग्रीमेंट करने का आरोपी धराया

- जमीन बेचने के नाम पर आरोपी ने की डेढ़ करोड़ की धोखाधड़ी
- इस धोखाधड़ी में सहयोगी उसकी पत्नी फिलहाल फरार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 7 अप्रैल.** एक ही जमीन का कई लोगों को विक्रयनामा लेखकर करीब डेढ़ करोड रुपए की धोखाधडी करने आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. हालांकि आरोपी की पत्नी अभी भी फरार है. इस मामले में उसके अन्य सहयोगी भी हैं जो जमीन विक्रय करने के लिए ग्राहक लाते थे.

शिकायतों के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 5 प्रकरण दर्ज किए हैं. अब तक कोतवाली पुलिस के पास आरोपियों के खिलाफ 11 लोगों ने लिखित शिकायत की है. कोतवाली पुलिस ने पांच आवेदकों की शिकायत पर दीनदायल शर्मा पिता देवीलाल शर्मा निवासी नोनीखेड़ी गोसाई एवं उसकी पत्नी वैशाली शर्मा के खिलाफ अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं. वहीं दीनदयाल को गिरफ्तार कर लिया गया है. अन्य शिकायतों की जांच की जा रही है.

एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि गांव नोनीखेडी निवासी दीनदयाल शर्मा और उसकी पत्नी वैशाली शर्मा ने नोनीखेडी स्थित कृषि भूमि खसरा क्रमांक 537/04(एस) रकबा 1.962 हेक्टेयर को अन्य सहयोगियो के साथ मिलकर जमीन विक्रय करने के नाम पर करीब 11 लोगों से विक्रयनामा तैयार किया गया एवं उनसे बिक्रीनामा लेख करते समय अलग-अलग राशि कुल मिलाकर 1 करोड़ 50 लाख रुपए लेकर खर्च कर दिए. लेकिन इन्होंने रजिस्ट्री किसी को भी नहीं करवाई. इस संबंध में कुछ लोगों ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी. धोखाधड़ी में फंसे सलैया भोपाल के दीपक मिश्रा, त्रिलंगा भोपाल के गुलाब सिंह राठौड़ रक्षा विहार के जितेंद्र सिंह, खोलोखड़ी भोपाल के दिनेश कुमार सिंह और दानिश कुंज भोपाल निवासी आरएन साहू की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों दीनदयाल शर्मा और उसकी पत्नी वैशाली शर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। वहीं दीनदयाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया.



**आरोपी के साथी खरीददार बनकर लगाते थे ऊंचे भाव**

शिकायत के आधार पर जब पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि जैसे ही कोई ग्राहक जमीन खरीदने के लिए आता था तो आरोपी के मिलने वाले नकली खरीददार बनकर उस जमीन के ऊंचे भाव लगाते थे. जिससे खरीददार उनके झांसे में आ जाता था और ज्यादा कीमत पर जमीन खरीदने का एग्रीमेंट करते हुए बयाना रशि दे देते थे. इस तरह उसने कई लोगों को लाखों का चूना लगाते हुए डेढ़ करोड़ रुपए हड़प लिए.

# अच्छा स्वास्थ्य ही जीवन की पूंजी : वर्मा

नवभारत न्यूज

**इछावर 7 अप्रैल.** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने सिविल हॉस्पिटल में मानसरोवर मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का शुभारंभ किया.

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराना आवश्यक है. हर व्यक्ति को सुलभ एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है.

शिविर में महिला रोग, हड्डी रोग, शिशु रोग, नेत्र, ईएनटी सहित विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा




मरीजों का परीक्षण किया गया एवं परामर्श दिया गया. शिविर में कुल 384 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा नि:शुल्क दवाइयों साथ ही ईसीजी, ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच भी की गई. इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती स्वाति मिश्रा, सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया, मानसरोवर ग्रुप के प्रो-चांसलर ईआर. गौरव तिवारी सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे.

### जनसमस्याओं का निराकरण के निर्देश

**सीहोर.** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. 66 आवेदकों ने अपनी समस्याओं के आवेदन दिए. जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जिनमें नामांतरण, बंटवारा, भूमि विवाद, आपसी विवाद, मेढ़.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा आदि उपस्थित थे.

# बालिकाओं को बताया वैक्सीन का महत्व

नवभारत न्यूज

**अहमदपुर 7 अप्रैल.** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री शासकीय कन्या विद्यालय की बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया.

इस अवसर पर उन्होंने बालिकाओं को वैक्सीन के महत्व और इसकी कमी से होने वाले सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दी. इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैंप में बालिकाओं ने अपना टीकाकरण कराया. जिला पंचायत सीईओ द्वारा बालिकाओं को चॉकलेट भी वितरित की गईं.



इसी तरह भैरूंदा के शासकीय संदीपनी स्कूल में एचपीवी का टीका लगवाने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए पुस्तक मेले से दो-दो नोटबुक वितरित की गई. इसके साथ ही स्कूल द्वारा बालिकाओं को शीतल पेय(लस्सी) भी पिलवाई गई. पुस्तक मेले में आई बालिकाओं और अभिभावकों को भी टीका लगवाने के प्रेरित किया.

### पीएनजी के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में एलपीजी के विकल्प के रूप में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के उपयोग को बढ़ावा देने और आगामी तीन माह में जिले में पीएनजी कनेक्शनों का अधिकतम विस्तार करने के निर्देश दिए हैं. जहां-जहां पीएनजी नेटवर्क उपलब्ध है, वहां शेष उपभोक्ताओं को जोड़ने के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे. इन कैंपों में पीएनजी के लाभों की जानकारी दी जाएगी और उपभोक्ताओं को कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा. साथ ही, जिला स्तरीय सीजीडी समिति की बैठकों में नियमित समीक्षा कर कनेक्शनों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा. जिले में आगामी तीन माह में पीएनजी के विस्तार के लिए अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है.

**बजट** नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता में हुई परिषद की बजट बैठक

# बजट में नगर विकास के साथ मनोरंजन पर भी रहा फोकस

नवभारत न्यूज

**आष्टा 7 अप्रैल.** नपा परिषद की साधारण सम्मेलन बैठक नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता में परिषद सभागार में आयोजित की गई. बैठक में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपाउपाध्यक्ष सिद्दीका भूरू खां, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति सहित पार्षदों की उपस्थिति रही. इस दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए कुल अनुमानित आय 276 करोड़ 52 लाख 7 हजार 317 रुपए तथा व्यय 276 करोड़ 48 लाख 81 हजार रुपए प्रस्तावित है। इस प्रकार करीब 3 लाख 26 हजार 317 रुपए की बचत के साथ यह लाभ का बजट है. परिषद ने नगर विकास से जुड़े लगभग दो दर्जन प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिसमें पिछले वर्ष की तरह कर एवं शुल्क दरों को यथावत रखा गया है. बजट में नगर के सभी 18 वार्डों में सड़कों, नालियों के निर्माण, पार्वती घाट सौंदर्यीकरण, तालाब संरक्षण एवं सुधार तथा सार्वजनिक शौचालय निर्माण को शामिल किया गया है. साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत 2.0 योजना के तहत पेयजल सुधार, ओवरहेड टैंक निर्माण और रामपुरा डेम से पाइपलाइन विस्तार जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता दी गई है. मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के अंतर्गत




बीटी सड़कों के निर्माण का भी प्रावधान रखा गया है.

रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से फायर स्टेशन के पास आवासीय परिसर में दुकानों का निर्माण, आवास कॉलोनी में शॉपिंग कॉम्पलेक्स तथा रेस्ट हाउस के सामने खाली भूमि पर व्यावसायिक दुकानों के निर्माण की योजना भी बजट में शामिल की गई है. इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के तहत लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट और एमआरएफ प्लांट की स्थापना का प्रावधान किया गया है.

नगरवासियों के मनोरंजन और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक पार्क निर्माण, संगम घाट सौंदर्यीकरण और पार्वती नदी डाउन स्ट्रीम विकास कार्य भी प्रस्तावित हैं. जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए ट्रैक्टर, जेसीबी और कचरा संग्रहण हेतु नए वाहन खरीदे जाएंगे. साथ ही जल प्रदाय व्यवस्था के रखरखाव, सफाई सामग्री, उपकरण एवं वाहन संचालन के लिए भी पर्याप्त बजट का प्रावधान किया गया है.

बैठक में पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, राजकुमार मालवीय, हिफ्फजुर्रहमान भैया मियां, राशिदा अनवार हुसैन, मेहमूद अंसारी, आरती नामदेव, नूरजहां शेख रईस, तस्कीन बी अतीक कुरैशी, जाहिद गुड्डू, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, अंजनी चौरसिया, लता तेजपाल मुकाती उपस्थित थे.